गणतन्त्र दिवस समारोह – 2014
अति आवश्यक

राजस्थान सरकार
सामान्य प्रशासन (ग्रुप–2) विभाग

क्रमांक :– प. 24 (7) साप्र/2/2013 जयपुर, दिनांक 23 दिसम्बर, 2013

–:आदेश :–

26 जनवरी 2014 (गणतन्त्र दिवस समारोह–2014) के राज्य स्तरीय समारोह के सफल आयोजन हेतु निम्नलिखित अधिकारीगण को उनके सामने अंकित कार्य व बैठक दिनांक 18.12.2013 में दिए गये विस्तृत निर्देशों तथा समय समय पर अलग–अलग से जारी किए जाने वाले निर्देशों की पालना अविलम्ब करवाने हेतु प्रेषित है। कृपया सभी अधिकारीगण सम्बन्धित कार्य का समयबद्ध रूप से पालना करावें तथा आपस में सामान्य प्रशासन विभाग से समन्वय बनाये रखें :

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य का विवरण |
|---|---|---|
| 1. | महानिदेशक पुलिस, (पुलिस मुख्यालय,) राजस्थान, जयपुर। | 1. परेड़ कमाण्डर की नियुक्ति अतिशीघ्र कर इस विभाग को दिनांक 10.1.2014 तक आवश्यक भिजवायें।<br>2. अन्तिम पूर्वाभ्यास दिनांक 23.1.2014 एवं मुख्य समारोह दिनांक 26.1.2014 के दौरान परेड़ निरीक्षण हेतु दो खुली की जिप्सी की व्यवस्था।<br>3. पूर्वाभ्यास एवं संयुक्त पूर्वाभ्यास के समय सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था हेतु दो आरक्षी नियमित रूप से ड्यूटी पर उपस्थिति होने हेतु।<br>4. नोडल अधिकारी की नियुक्ति दिनांक 10.1.2014 तक करावें।<br>5. स्टेडियम में सुरक्षा प्रवेश पत्र दिनांक 10.1.2014 से बनवाने एवं वितरण हेतु केन्द्र स्थापित करना।<br>6. महामहिम राज्यपाल महोदया/मुख्यमंत्री महोदया के कक्ष की सुरक्षा व्यवस्था।<br>7. प्रवेश पत्रों के जांच की समुचित व्यवस्था।<br>8. समारोह मे उपस्थित होने वाली भीड़ को नियन्त्रित करने की व्यवस्था।<br>9. स्टेडियम ग्राउण्ड पर पूर्वाभ्यास के समय से पुलिस बैण्ड की व्यवस्था।<br>10. झण्डा फहराने व परेड़ ग्राउण्ड की मार्किंग की व्यवस्था हेतु पुलिस लाईन से मैटैरियल की व्यवस्था।<br>11. मार्किंग हेतु चूने का प्रयोग न करके प्लास्टिक का मैटेरियल प्रयोग में लिया जावे। उक्त मैटेरियल सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा उपलब्ध कराया जाएगा। |
| 2. | अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस, इंटेलीजेन्स, जयपुर। | 1. सवाई मानसिंह स्टेडियम में प्रवेश पत्र दिनांक 10.1.2014 से प्रारम्भ करवाना।<br>2. स्टेडियम में प्रवेश हेतु पूर्व की भांति सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा ड्यूटी हेतु नियुक्त प्रशासनिक अधिकारियों/कर्मचारियों के लिये सुरक्षा प्रवेश पत्र मुद्रित करवाये जाने का अनुमोदन सामान्य प्रशासन विभाग से करावें।<br>3. दिनांक 23.1.2014 अन्तिम पूर्वाभ्यास एवं दिनांक 26.1.2014 मुख्य समारोह में पुरस्कार वितरण हेतु दो महिला कानिस्टेबल मय ड्रेस के उपस्थित करवाना।<br>4. बैठक दिनांक 18.12.2013 के निर्णय अनुसार। |
| 3. | जिला कलक्टर, जयपुर। | 1. सवाई मानसिंह स्टेडियम के सभी द्वारों पर मजिस्ट्रेटों की नियुक्ति अतिशीघ्र कर सूची दिनांक 10.1.2014 तक आवश्यक भिजवायें।<br>2. स्वतंत्रता सेनानियों/वरिष्ठ नागरिकगण की सूची भेजना व उनके लिए आमंत्रण पत्र सामान्य प्रशासन विभाग से प्राप्त कर वितरण करवाना।<br>3. स्वतंत्रता सेनानी एवं वरिष्ठ नागरिकों को समारोह स्थल पर लाने की व्यवस्था। |

| | | |
|---|---|---|
| | | 4. जिलाधीश कार्यालय के अधिकारियों की सूची भिजवाना।<br>5. उपनिदेशक, शिक्षा (माध्यमिक) जयपुर सम्भाग को एक वाहन अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट, जयपुर नगर जयपुर द्वारा दिनांक 7.1.2014 से समारोह समाप्ति तक के लिए अधिग्रहित करवाना। जिसका फ्यूल सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा नियन्त्रक, राजस्थान स्टेट मोटर गैराज, जयपुर से उपलब्ध कराया जा गा। |
| 4. | आयुक्त एवं शासन सचिव, सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, राजस्थान, जयपुर। | 1. महामहिम राज्यपाल महोदया के संदेश का प्रारूप दिनांक 5.1.2014 तक तैयार कर पहुंचाना।<br>2. दो उद्घोषकों (महिला एवं पुरूष) की नियुक्ति दिनांक 10.1.2014 तक।<br>3. टी. वी. कवरेज / फोटोग्राफी / समाचार पत्रों मे विज्ञापन छपाने हेतु सार्वजनिक आमंत्रण का अनुमोदन करवाना।<br>4. पत्रकारों (प्रेस प्रतिनिधि की संख्या) की सूची से सामान्य प्रशासन विभाग को अवगत कराना।<br>5. लाईव टेलीकास्ट हेतु सामान्य प्रशासन विभाग की स्वीकृति प्राप्त करना। |
| 5. | आयुक्त / सचिव, जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर तथा सम्भागीय आयुक्त, जयपुर | 1. अमर जवान ज्योति की साफ–सफाई, पुष्पचक्र आदि की समस्त व्यवस्था।<br>2. सवाई मानसिंह स्टेडियम में रोड़ की रिकॉर्पेटिंग व्यवस्था।<br>3. बैठक दिनांक 18.12.2013 के अनुरूप अम्बेडकर सर्किल, स्टेच्यू सर्किल, जवाहर लाल नेहरू मार्ग स्थित, महात्मा गांधी सर्किल व जेडीए सर्किल पर दिनांक 26.1.2014 की रात्रि को रोशनी की व्यवस्था करावें। |
| 6. | सचिव, राजस्थान क्रीड़ा परिषद, सवाई मानसिंह स्टेडियम, जयपुर। | 1. स्टेडियम की छत की मरम्मत का कार्य दिनांक 10.1.2014 तक करवाने की व्यवस्था।<br>2. वी.वी.आई.पी. हेतु टॉयलेट आदि को स्वच्छ करवाने की व्यवस्था।<br>3. मैदान की सफाई, घास कटाई, पेड़ो की छंटाई आदि।<br>4. मेडिकल टीम / शिक्षा विभाग के लिये कमरों की व्यवस्था।<br>5. पूर्व अभ्यास के दौरान अधिकारी / कर्मचारी उपस्थित रहकर उक्त से सम्पर्क / समन्वय बनाये रखना।<br>6. स्टेडियम के गेट दिनांक 7.1.2014 से प्रातः 7.30 बजे से खुलवाने की व्यवस्था।<br>7. राजस्थान क्रीड़ा परिषद स्टेडियम में स्थित सभी होस्टलों में रह रहे छात्रों को दिनांक 20.1.2014 तक स्टेडियम के बाहर स्थानान्तरित कर सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस विभाग को सुपुर्द करना।<br>8. कन्ट्रोल रूम की स्थापना हेतु दिनांक 10.1.2014 से एक कमरा पुलिस विभाग को सुपुर्द करना। |
| 7. | उप निदेशक शिक्षा (माध्यमिक) / अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी–प्रथम, शिक्षा संकुल जयपुर। | (सवाई मानसिंह स्टेडियम स्थित इण्डोर स्टेडियम / हैंडबॉल मैदान पर)<br>1. पूर्वाभ्यास दिनांक – 7.1.2014 से 17.1.2014 तक<br>(सवाई मानसिह स्टेडियम स्थित अन्दर मैदान में)<br>2. संयुक्त पूर्वाभ्यास – 18.1.2014 से 22.1.2014 तक<br>3. अन्तिम पूर्वाभ्यास (प्रातः 9.30 बजे) 23.1.2014<br>4. मुख्य समारोह (प्रातः 9.30 बजे) 26.1.2014<br><br>1. पूर्व अभ्यास, संयुक्त पूर्वाभ्यास / अन्तिम पूर्वाभ्यास, मुख्य समारोह में सांस्कृतिक प्रस्तुतीकरण के लिये 1000 छात्र / छात्राओं की व्यवस्था।<br>2. 26 जनवरी 2014 को प्रातः 7.00 बजे प्रभात फेरी हेतु 2000 छात्र / छात्राओं की व्यवस्था व झण्डियों की व्यवस्था।<br>3. प्रातः 7.00 बजे से प्रभात फेरी जुलूस बनाकर स्टेडियम में प्रातः 9.00 बजे तक पहुंचना।<br>4. छात्र / छात्राओं को कदवार खड़ा करने की व्यवस्था।<br>5. छात्र / छात्राओं के ड्रेस व टर्न आउट की व्यवस्था<br>6. पूर्वाभ्यास / संयुक्त पूर्वाभ्यास के दौरान छात्र / छात्राओं के नाश्ते की व्यवस्था।<br>7. शिक्षा विभाग द्वारा उक्त कार्य के लिये सामान्य प्रशासन विभाग |

| | | |
|---|---|---|
| | | द्वारा राशि उपलब्ध कराई जाएगी। इनके द्वारा सामान्य प्रशासन विभाग की प्रशसानिक स्वीकृति भी की जाती है। |
| 8. | अधीक्षक, सवाई मानसिंह चिकित्सालय, जयपुर। | संयुक्त पूर्वाभ्यास दिनांक 23.1.2014 तथा मुख्य समारोह दिनांक 26.1.2014 हेतु वी.वी.आई.पी./अतिविशिष्ट व्यक्तियों के लिये मेडिकल टीम मय चिकित्सक व सहायक स्टॉफ मय औषधि व एम्बुलेंस मय व्हील चेयर की व्यवस्था। |
| 9. | निदेशक, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं/मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (I), जयपुर। | पूर्वाभ्यास दिनांक 7.1.2014 से मुख्य समारोह दिनांक 26.1.2014 के अन्त तक 2 चिकित्सक, अन्य स्टाफ व दो एम्बुलेन्स मय औषधि/दो व्हील चेयर की व्यवस्था। |
| 10. | अधिशाषी अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, विद्युत खण्ड–द्वितीय, जयपुर। | 1. राजभवन, मुख्यमंत्री निवास, शासन सचिवालय, अल्बर्ट हॉल (म्यूजियम), राजस्थान विधानसभा, राजस्थान उच्च न्यायालय, अमर जवान ज्योति, सवाई मानसिंह स्टेडियम, पुलिस आयुक्त भवन आदि निर्धारित स्थानों पर दिनांक 26.1.2014 की रात्रि को रोशनी की व्यवस्था।<br>2. सवाई मानसिंह स्टेडियम में पूर्वाभ्यास की दिनांक 7.1.2014 से मुख्य समारोह दिनांक 26.1.2014 की समाप्ति तक ध्वनि प्रसारण यंत्र की व्यवस्था।<br>3. दिनांक 18.12.2013 की आयोजित बैठक में लिये निर्णय अनुसार अन्य व्यवस्था। |
| 11. | अधिशाषी अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, निर्माण खण्ड, जयपुर। | 1. दिनांक 23.1.2014 अन्तिम पूर्वाभ्यास तथा दिनांक 26.1.2014 मुख्य समारोह हेतु छाते की व्यवस्था।<br>2. परेड़ ग्राउण्ड की मार्किंग, परेड़ मैदान की सफाई, अस्थाई शौचालय स्टेडियम के पार्किंग स्थल पर लाईटिंग प्वाईन्ट लगवाना।<br>3. शामियाना, कुर्सियां, दरियां, सोफे एक तरह के एवं मार्किंग हेतु दल लगाना व अन्य समुचित व्यवस्था करना।<br>4. जन पथ के दोनों तरफ राष्ट्रीय ध्वज लगाना व पुलिस से समन्वय कर बैरिकेटिंग/बैनर लगवाना जो खराब नहीं होने चाहिए।<br>5. राजमार्गो पर झण्डे सुव्यवस्थित ढंग से लगवाने व फ्लेग कोड़ की पूर्ण पालना सुनिश्चित करावें।<br>6 दिनांक 7.1.2014 से दिनांक 26.1.2014 तक बच्चों को "मिनरल वाटर" पीने हेतु व्यवस्था।<br>7 सवाई मानसिंह स्टेडियम पर समारोह में उपस्थित आगन्तुकों के लिये "मिनरल वाटर" की व्यवस्था।<br>8. दिनांक 18.12.2013 की आयोजित बैठक के निर्णय अनुसार अन्य व्यवस्था।<br>9. बैरिकेट्स समारोह समाप्ति होने के उपरान्त शीघ्रातिशीघ्र हटवाने की व्यवस्था। |
| 12. | मुख्य कार्यकारी अधिकारी नगर निगम, जयपुर | 1. महापौर/पार्षदों तथा निगम के अधिकारियों की पते सहित सूची।<br>2. स्टेडियम के बाहर की सफाई/लाईटों की व्यवस्था।<br>3. फायर ब्रिगेड एवं मोबाईल टॉयलेट वैन उचित संख्या में खड़ी कराने की व्यवस्था।<br>4. दिनांक 26.1.2014 की रात्रि को शहर के मुख्य द्वारों पर रोशनी की व्यवस्था।<br>5. पूर्वाभ्यास दिनांक 7.1.2014 से मुख्य समारोह दिनांक 26.1.2014 तक साफ–सफाई की व्यवस्था।<br>6. सवाई मानसिंह स्टेडियम के अधिकारियों से अन्य व्यवस्थाओं के सम्बन्ध में समन्वय रखना। |
| 13. | जोनल प्रबन्धक, राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम, जयपुर (परिवहन बसों की व्यवस्था) | शिक्षा विभाग की मांग के अनुसार बसों की व्यवस्था<br>पूर्वाभ्यास दिनांक 7.1.2014 से 17.1.2014 तक – 16 बसें<br>संयुक्त पूर्वाभ्यास दिनांक 18.1.2014 से 26.1.2014 तक – 24 बसें<br>1. बसों के साथ चालक–परिचालक की ड्यूटी लगाना<br>2. चालक–परिचालक को ठीक समय यथा स्थान पर बस पहुंचाने हेतु निर्देशित करना। |

| | | |
|---|---|---|
| | | 3. बसों की साफ–सफाई व अच्छी स्थिति में बसें भिजवाना।<br>4. राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम द्वारा नोडल अधिकारी की नियुक्ति। |
| 14. | अतिरिक्त आयुक्त, परिवहन विभाग, राजस्थान, जयपुर। | परिवहन निगम से बसों की सम्पूर्ण व्यवस्था कराना। |
| 15. | निदेशक, सैनिक कल्याण विभाग, राजस्थान, जयपुर। | जयपुर में निवासित शहीदों के परिवारजनों के पते सहित सूची भिजवाने तथा निर्धारित स्थान में बैठाने व सहयोग की व्यवस्था। |
| 16. | अतिरिक्त निवासीय आयुक्त बीकानेर हाउस, नई दिल्ली। | केन्द्र में राज्य के मंत्रिगण एवं राज्य सभा एवं लोकसभा के सांसदों के पते सहित सूची भिजवाने की व्यवस्था करना। |
| 17. | उप नियन्त्रक, नागरिक सुरक्षा, कलेक्ट्रेट, जयपुर। | पूर्वाभ्यास स्थल पर तथा समारोह समाप्ति तक दो फायर बिग्रेड की व्यवस्था। |
| 18. | अनुभागाधिकारी, सामान्य प्रशासन (ग्रुप–3) विभाग। | सवाई मानसिंह स्टेडियम, जयपुर स्थित कन्ट्रोल रूम में दिनांक 10.1.2014 से दिनांक 26.1.2014 समारोह समाप्ति तक के लिए **एक अस्थाई टेलीफोन** लगवाने की व्यवस्था करें। |
| 19. | पुलिस अधीक्षक, सुरक्षा, मुख्यमंत्री कार्यालय, जयपुर। | अन्तिम पूर्वाभ्यास दिनांक 23.1.2014 एवं मुख्य समारोह दिनांक 26.1.2014 हेतु जैमर की व्यवस्था |
| 20. | वरिष्ठ शासन उप सचिव गृह पुलिस विभाग। | 1. पूर्व महानिदेशकगण पुलिस की पते सहित सूची।<br>2. दिनांक 23.1.2014 अन्तिम पूर्वाभ्यास एवं दिनांक 26.1.2014 मुख्य समारोह में पुरस्कार वितरण हेतु दो महिला कानिस्टेबल मय ड्रेस के उपस्थित करवाना। |
| 21. | उप सचिव, राज्यपाल सचिवालय, राजभवन, जयपुर। | 1. महामहिम राज्यपाल महोदया के संदेश के प्रारूप का अनुमोदन करवाना।<br>2. राजभवन में पदस्थापित अधिकारियों की सूची।<br>3 अन्तिम पूर्वाभ्यास दिनांक 23.1.2014 कार्यक्रम हेतु परेड़ निरीक्षण के लिए महामहिम राज्यपाल महोदया का प्रतिनिधि मनोनीत करने के सम्बन्ध में। |
| 22. | पुलिस उपायुक्त (यातायात) जयपुर। | 1. वी.वी.आई.पी./अतिविशिष्ट व्यक्तियों की कार पार्किंग की व्यवस्था।<br>2. माइक पर बुलाने हेतु ऑपरेट करने की व्यवस्था<br>3. अतिरिक्त मुख्य सचिव व महानिदेशक पुलिस तथा प्रोटॉकाल में इनमें से वरिष्ठ महानुभावों के वाहनों हेतु पृथक से व्यवस्था।<br>4. मुख्य सचिव, अतिरिक्त मुख्य सचिव, महानिदेशक पुलिस तथा अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस हेतु कार पार्किंग का पृथक ब्लॉक की व्यवस्था।<br>5. प्रमुख शासन सचिव व समकक्ष अधिकारियों की कार पार्किंग का पृथक से ब्लॉक व्यवस्था।<br>6. अन्य अधिकारियों की कार पार्किंग की अलग व्यवस्था।<br>7. पार्किंग व बैरिकेटिंग की व्यवस्था। |
| 23. | डिप्टी चीफ ऑफ प्रोटॉकाल सामान्य प्रशासन (ग्रुप –1) विभाग। | 1.सवाई मानसिंह स्टेडियम में अति विशिष्ट/विशिष्ट अतिथियों यथा राज्यपाल के अतिथिगण एवं मुख्यमंत्री के अतिथिगण, सेना, आरएसी, लोकसभा/राज्यसभा के सदस्यगण, राजस्थान विधानसभा के सदस्यगण, स्वतंत्रता सेनानियों एवं प्रेस प्रतिनिधियों के स्वागत/बैठाने की व्यवस्था हेतु प्रोटॉकाल अधिकारी की नियुक्ति की व्यवस्था बाबत्। |
| 24. | वरिष्ठ शासन उप सचिव, मंत्रिमण्डल सचिवालय | 1. राजभवन में At Home के दौरान पुरस्कार प्राप्तकर्ताओं की फोटोग्राफी की व्यवस्था।<br>2. राज्य मंत्रिमण्डल की सूची उपलब्ध करवाना।<br>3. मंत्री/राज्य मंत्रीगण का दर्जा प्राप्त अध्यक्षगण की सूची उपलब्ध कराना।<br>4. पुरस्कार प्राप्तकर्ताओं की सूची उपलब्ध करवाना।<br>5. पद्मश्री, पद्मविभूषण, अर्जुन पुरस्कार तथा अन्य विशिष्ट पुरस्कार प्राप्तकर्ताओं की सूची उपलब्ध करवाना। |

| | | |
|---|---|---|
| 25. | प्रबन्ध निदेशक, राजस्थान पर्यटन विकास निगम लिमिटेड, जयपुर। | अन्तिम पूर्वाभ्यास दिनांक 23.1.2014 तथा मुख्य समारोह दिनांक 26.1.2014 डायस पर विराजमान अतिविशिष्ट/अतिथियों के लिये पीने के लिए "मिनरल वाटर" की व्यवस्था एवं वेटरों को ड्रेस में भिजवाना। |
| 26. | प्रबन्धक, सर्किट हाउस, जयपुर । | अन्तिम पूर्वाभ्यास दिनांक 23.1.2014 तथा मुख्य समारोह दिनांक 26.1.2014 में उपस्थित वरिष्ठ अधिकारीगण के पीने के लिए "मिनरल वाटर" की व्यवस्था एवं वेटरों को ड्रेस में भिजवाना। |
| 27. | प्राचार्या, राजकीय बालिका उच्चं माध्यमिक विद्यालय, गांधीनगर, जयपुर। | अन्तिम पूर्वाभ्यांस दिनांक 23.1.2014 तथा मुख्य समारोह दिनांक 26.1.2014 के लिये राष्ट्रीय गान हेतु छात्र/छात्राओं की, संख्या 20-25 की समुचित व्यवस्था कराना तथा वाहन की व्यवस्था स्वयं के स्तर से की जावेगी, जिसका व्यय सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा किया जायेगा। |
| 28. | निदेशक, लेखन एवं सामग्री राजस्थान, जयपुर/अधीक्षक, केन्द्रीय मुद्रणालय, जयपुर। | 1. आमंत्रण प्रवेश पत्र व फोल्डर तथा प्रमाण-पत्र पेपर का अतिरिक्त मुख्य सचिव, सामान्य प्रशासन विभाग से अनुमोदन करवाना।<br>2. आमंत्रण प्रवेश पत्र व कार्यक्रम का फोल्डर छपवाने की व्यवस्था बाबत्।<br>3. छात्र/छात्राओं को दिए जाने वाले प्रमाण-पत्र छपवाने की व्यवस्था।<br>4. आमंत्रण प्रवेश पत्र तथा छात्र/छात्राओं को दिए जाने वाले प्रमाण पत्र का प्रारूप शीघ्र अनुमोदन कराकर दिनांक 4.1.2014 तक मुद्रित कराकर आवश्यक रूप से उपलब्ध करवाने की व्यवस्था। |
| 29. | अधीक्षक, उद्यान विभाग, जयपुर। | सवाई मानसिंह स्टेडियम पर अन्तिम पूर्वाभ्यास दिनांक 23.1.2014 तथा मुख्य समारोह दिनांक 26.1.2014 को जहां अतिविशिष्ट गणमान्य व्यक्ति बैठते हैं, अच्छे फूलों के 50 गमलें तथा पोधों की व्यवस्था। |
| 30. | वरिष्ठ लेखाधिकारी, सामान्य प्रशासन (ग्रुप-4) विभाग, शासन सचिवालय, जयपुर। | समारोह हेतु समुचित बजट का प्रावधान उपलब्ध कराना। |

सभी विभागों से अपेक्षा है कि वे समारोह की समुचित व्यवस्था हेतु समन्वय बनाए रखने बाबत् नोडल अधिकारी मनोनीत कर उनका नाम, पद व मोबाईल नम्बर/दूरभाष संख्या से भी सामान्य प्रशासन विभाग को फैक्स संख्या 0141-5116626 पर अवगत करावें।

कृपया इसे सर्वोच्च प्राथमिकता दें।

राज्यपाल की आज्ञा से,

(राजेन्द्र प्रसाद खोरानिया)
वरिष्ठ शासन उप सचिव

प्रतिलिपि निम्नलिखित को प्रेषित कर लेख है कि कार्यवाही विवरण में अंकित निर्णयों की अनुपालना में अग्रिम कार्यवाही समयबद्ध कार्यक्रमानुसार सुनिश्चित कराने का कष्ट करें:-

1 महानिदेशक पुलिस, राजस्थान, जयपुर।
2 महानिदेशक पुलिस, जेल, राजस्थान, जयपुर।
3 अतिरिक्त निवासीय आयुक्त, बीकानेर हाउस, नई दिल्ली।
4 अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस (इन्टेलीजेंस), राजस्थान, जयपुर ।
5 अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस, आर्म्ड बटालियन (पुलिस मुख्यालय), राजस्थान, जयपुर।
6 आयुक्त एवं शासन सचिव, सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग, राजस्थान, जयपुर
7 सम्भागीय आयुक्त, जयपुर संभाग, जयपुर।
8 महानिरीक्षक पुलिस, सुरक्षा, पुलिस मुख्यालय, जयपुर।
9 जिला कलेक्टर, जयपुर ।
10 पुलिस आयुक्त, जयपुर।
11 सचिव, जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर।
12 मुख्य कार्यकारी अधिकारी, नगर निगम, जयपुर।
13 उप सचिव, महामहिम राज्यपाल, राजभवन, जयपुर।
14 संयुक्त शासन सचिव, सामान्य प्रशासन विभाग, शासन सचिवालय, जयपुर।

15 डिप्टी चीफ प्रोटोकोल, सामान्य प्रशासन (ग्रुप–1) विभाग, सचिवालय, जयपुर।
16 वरिष्ठ शासन उप सचिव, मंत्रीमण्डल सचिवालय, जयपुर।
17 वरिष्ठ शासन उप सचिव, गृह (पुलिस/सुरक्षा) विभाग, जयपुर।
18 शासन उप सचिव, युवा एवं खेल विभाग, जयपुर।
19 वरिष्ठ शासन उप सचिव, शिक्षा (ग्रुप–2) विभाग, जयपुर।
20 अतिरिक्त आयुक्त (प्रशासन), परिवहन विभाग, जयपुर।
21 सचिव, राजस्थान राज्य क्रीडा परिषद्, सवाई मानसिंह स्टेडियम, जयपुर।
22 पुलिस उपायुक्त, (दक्षिण)/सुरक्षा/यातायात/मुख्यालय, जयपुर।
23 पुलिस अधीक्षक, मुख्यमंत्री सुरक्षा प्रकोष्ठ, जयपुर।
24 कमाण्डेंट, आर.ए.सी. चौथी बटालियन, चैनपुरा, जयपुर।
25 कमाण्डेंट, आर.ए.सी. पांचवी बटालियन, घाटगेट, जयपुर।
26 कमाण्डेण्ट–द्वितीय, आर.ए.सी. अमर निवास, कोटा।
27 कंट्रोलर, स्टेट मोटर गैरेज, जयपुर।
28 निदेशक, सैनिक कल्याण विभाग, जयपुर।
29 निदेशक, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवायें, राजस्थान, जयपुर।
30 प्रधानाचार्य, सवाई मानसिंह आयुर्विज्ञान महाविद्यालय, जयपुर।
31 मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी–प्रथम, जयपुर।
32 अधीक्षक, सवाई मानसिंह चिकित्सालय, जयपुर।
33 निदेशक, एन.सी.सी. निदेशालय, जयपुर।
34 निदेशक, मुद्रण एवं लेखन सामग्री विभाग, राजस्थान, जयपुर।
35 अधीक्षक, केन्द्रीय मुद्रणालय, जयपुर।
36 प्रबंध निदेशक, राजस्थान पर्यटन विकास निगम, जयपुर।
37 प्रबंधक, सर्किट हाउस, जयपुर।
38 उप नियंत्रक, नागरिक सुरक्षा एवं गृह रक्षा, जयपुर।
39 मुख्य अभियन्ता (भवन/पथ) सार्वजनिक निर्माण विभाग, जयपुर।
40 प्रबन्ध निदेशक, राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम, जयपुर।
41 अधिशाषी निदेशक (यातायात), राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम, परिवहन मार्ग, जयपुर।
42 जोनल मैनेजर, राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम, सिन्धी कैम्प जयपुर
43 अधीक्षण अभियन्ता/अधिशाषी अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, निर्माण खण्ड, जयपुर।
44 अधीक्षण अभियन्ता/अधिशाषी अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, विद्युत–द्वितीय, जयपुर।
45 उप निदेशक, शिक्षा (माध्यमिक), जयपुर सम्भाग, शिक्षा संकुल, जयपुर।
46 अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी, प्रथम, शिक्षा संकुल, जयपुर।
47 प्राचार्या, राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, गांधीनगर, जयपुर।
48 उद्यान विज्ञ/अधीक्षक, रामनिवास बाग, जयपुर।
49 पंजीयक, शासन सचिवालय, जयपुर।
50 सहायक अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग विद्युत खण्ड–द्वितीय, शासन सचिवालय, जयपुर।
51 वरिष्ठ लेखाधिकारी, सामान्य प्रशासन (ग्रुप–4) विभाग, सचिवालय, जयपुर।
52 प्राचार्या, महारानी गायत्री देवी गर्ल्स स्कूल, जयपुर।
53 प्राचार्या, सेंट एंजिला सोफिया गर्ल्स स्कूल, जयपुर।
54 सहायक अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, निर्माण उप खण्ड, शासन सचिवालय, जयपुर।
55 अनुभागाधिकारी, सामान्य प्रशासन (ग्रुप–3) विभाग, शासन सचिवालय, जयपुर।
56 निजी सचिव, अतिरिक्त मुख्य सचिव, सा.प्र.वि.।
57 रक्षित पत्रावली
58 जनरल ऑफिसर कमान्डिंग 61, सब एरिया जयपुर छावनी जयपुर।

(राजेन्द्र प्रसाद खोरानिया)
वरिष्ठ शासन उप सचिव

सामान्य प्रशासन (ग्रुप–2) विभाग, कमरा नं0–1127 मुख्य भवन, शासन सचिवालय, जयपुर
दूरभाष नम्बर 0141–5116626 फैक्स संख्या 0141–5116626
संयुक्त शासन सचिव–दूरभाष संख्या 0141–2227874
सहायक शासन सचिव–दूरभाष संख्या 0141–5116626
अनुभाग अधिकारी – दूरभाष संख्या 0141–5116626